21.10.24

Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh

कक्षा - तीसरी      विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - 'अनुच्छेद'

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

सुप्रभात बच्चो !

यह कार्य कक्षा - तीसरी, विषय-हिन्दी व्याकरण से लिया गया है। बच्चों ! आज हम 'अनुच्छेद-लेखन' के विषय में पढ़ेंगे। इस कार्य का लिखित सार आपको को भेजा जाएगा।

बच्चों ! आज हम फिर से 'अनुच्छेद लेखन' यानि (Paragraph writing) के बारे में पढ़ेंगे। आइए, सबसे पहले अनुच्छेद का अर्थ समझते हैं—

- किसी भाव या विचार को व्यक्त करने के लिए लिखे गए विषय और छोटे वाक्य-समूह को अनुच्छेद कहते हैं।

अनुच्छेद निबंध का संक्षिप्त रूप होता है। अनुच्छेद - लेखन में किसी एक विषय पर अपने विचार व्यक्त किए जाते हैं। अनुच्छेद अपने आप में स्वतंत्र व पूर्ण होते हैं।

आइए, अब जान लेते हैं कि अनुच्छेद लिखते समय कौन - सी बातों को ध्यान में रखा जाए ताकि अनुच्छेद प्रभावशाली हो सके।

★ भाषा सरल, स्पष्ट और प्रभावशाली होनी चाहिए ताकि पढ़ने वाला अनुच्छेद से प्रभावित हो सके।

★ वाक्य छोटे परन्तु अर्थ पूर्ण होने चाहिए।

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - अनुच्छेद

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

- ✩ अनावश्यक बातों को लिखने से बचें। अनुच्छेद में एकरूपता होनी चाहिए।
- ✩ शब्द सीमा को ध्यान में रख कर ही अनुच्छेद लिखें।
- ✩ अपनी बात को कम से कम शब्दों में कहने का प्रयास करें। एक ही बात को बार-बार न दोहराएँ।
- ✩ अनुच्छेद लिखने से पहले उसकी रूपरेखा तैयार कर लेनी चाहिए।

बच्चों, अब आप पाँच मिनट की ब्रेक ले सकते हैं। ब्रेक लेने से पहले मैं आप से कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ जिनके उत्तर आप अपनी हिन्दी व्याकरण की नोटबुक में लिख सकते हो।

प्र०1. अनुच्छेद किस का संक्षिप्त रूप होता है?
प्र०2. अनुच्छेद की भाषा कैसी होनी चाहिए?

आशा है कि आपने उत्तर लिख लिए होंगे। अब मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बताने जा रही हूँ। आप भी अपने उत्तर मेरे उत्तरों के साथ मिला कर देख सकते हैं।

उ०1. अनुच्छेद का संक्षिप्त रूप निबंध होता है।

उ०2. अनुच्छेद की भाषा सरल, स्पष्ट तथा प्रभावशाली होनी चाहिए।

अब मैं आपको 'दीवाली' पर एक अनुच्छेद लिखवाने

कक्षा- तीसरी

विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - अनुच्छेद

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

जा रही हूँ। इस कार्य को आप अपनी नोटबुक में लिखेंगे।

## 'दीवाली' (अनुच्छेद)

1. दीवाली भारत देश का प्रसिद्ध त्योहार है।
2. इसे 'दीपों का त्योहार' भी कहा जाता है।
3. यह त्योहार कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है।
4. इस दिन भगवान श्री राम चौदह (14) वर्षों का वनवास काटकर अयोध्या लौटे थे।
5. दीवाली पर लोग नए कपड़े पहनते हैं।
6. दीवाली के दिन लोग अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों तथा मित्रों को मिठाइयाँ व उपहार देते हैं।
7. इस दिन लोग दीयों तथा मोमबत्तियों से घरों में रोशनी करते हैं।
8. शाम के समय लक्ष्मी-गणेश की पूजा की जाती है।
9. बच्चे पटाखे तथा फुलझड़ियाँ चलाते हैं।
10. मुझे भी दीवाली का त्योहार बहुत अच्छा लगता है।

[Last Page]